RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : रविवार 10 अगस्त 2025 वर्ष 07 अंक 112 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

ठाणे के नौ पुलिसकर्मी निलंबित; कैदियों की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही...




Page - 2

## कल्याण में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने एक फूड स्टॉल वाले पर किया हमला

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**कल्याण** : महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने एक फूड स्टॉल वाले पर हमला किया। आरोप है कि उसने मराठी लोगों और राज ठाकरे के खिलाफ गलत बातें कही थीं। यह घटना दुगार्माता मंदिर चौक इलाके में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

**वीडियो में क्या?**

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि मनसे के कल्याण (पूर्व) के पदाधिकारी कुश राजपूत और उनके साथी एक फूड स्टॉल वाले को पीट रहे हैं। यह फूड स्टॉल दक्षिण भारतीय खाना बेचता है। वे उसे माफी मांगने के लिए मजबूर कर रहे हैं। साथ ही उससे यह वादा भी करवा रहे हैं कि वह भविष्य में ऐसी बातें नहीं करेगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने कल्याण की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर देखा है। अभी तक कोई पुलिस शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

**मीरा रोड जैसी घटना**

यह घटना ठाणे जिले के मीरा भायंदर इलाके में मनसे कार्यकताओं की ओर से मिठाई की दुकान के मालिक एक उत्तर भारतीय की पिटाई की घटना की पृष्ठभूमि में हुई है, क्योंकि वह मराठी नहीं बोल पाता था। पुलिस ने मीरा भायंदर घटना में मामला दर्ज कर लिया है।

## मुंबई : छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नेटवर्क खराबी

### उड़ानों को किया प्रभावित

**मुंबई** : मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नेटवर्क खराबी ने शनिवार को उड़ानों को प्रभावित किया। चेक-इन सिस्टम ठप होने से कई उड़ानें लेट हुई। इसमें एयर इंडिया की फ्लाइट्स भी शामिल रहीं। एयर इंडिया ने यात्रियों से फ्लाइट स्टेटस चेक करने को कहा। एयर इंडिया ने बताया कि थर्ड-पार्टी नेटवर्क आउटेज की वजह से एयरपोर्ट का चेक-इन सिस्टम बंद हो गया था, जिससे उड़ानों का प्रस्थान देर से हुआ।



हालांकि सिस्टम अब ठीक कर दिया गया है, लेकिन ऑपरेशन सामान्य होने में थोड़ा समय लगेगा, इसलिए कुछ उड़ानों पर असर बना रह सकता है. एयरलाइन ने यात्रियों से फ्लाइट स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है.

दिल्ली में मौसम का कहर

इधर, दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारी बारिश की वजह से शनिवार को 300 से ज्यादा उड़ानें देर से चलीं, हालांकि किसी फ्लाइट को डायवर्ट नहीं किया गया. दिल्ली मौसम विभाग ने सुबह रेड अलर्ट जारी किया था, जिसे बाद में येलो अलर्ट में बदला गया.

दिल्ली में भारी बारिश

पिछले 24 घंटों में सफदरजंग पर 78.7 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि प्रगति मैदान में 100 मिमी, लोदी रोड पर 80 मिमी, पूसा में 69 मिमी और पालम पर 31.8 मिमी बारिश हुई. ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी.

## नालासोपारा में वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर एक महिला को बचाया; सेक्स रैकेट चलाने के लिए महिला गिरफ्तार



**पालघर** : नालासोपारा में मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर एक महिला को सफलतापूर्वक बचाया और नालासोपारा पश्चिम में उसके निवास से कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के लिए एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया। एएचटीयू की पुलिस निरीक्षक सौरभी पवार को एक गुप्त सूचना मिली कि एक महिला दलाल लड़कियों को सेक्स वर्क के लिए आपूर्ति कर रही है।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एक पुलिस दल ने एक फर्जी ग्राहक और दो गवाहों के साथ 7 अगस्त, 2025 को छापा मारा। ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने नालासोपारा पश्चिम की निवासी ईशा सुरेश चौहान (24) को गिरफ्तार किया और एक पीड़िता को बचाया। जांचकताओं के अनुसार, चौहान ने पीड़िता को पैसे का वादा करके फुसलाया, एक ग्राहक का इंतजाम किया और पीड़िता को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने से पहले पैसे वसूल किए।

## मुंबई : 15 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म ; 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार

**मुंबई** : पुलिस ने एक 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिस पर ओडिशा की 15 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर और उसे गर्भवती करने का आरोप है। यह कार्रवाई बरहामपुर के बैद्यनाथपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर की गई। मामले में बरहामपुर के पुलिस अधीक्षक सरवणा विवेक एम ने बताया कि 28 जुलाई को एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से मेडिको लीगल शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि अस्पताल के गायनोकोलॉजी विभाग में भर्ती लड़की 19 सप्ताह की गर्भवती थी और वह गर्भपात कराना चाहती थी। पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह पिछले 14 साल से अपने माता-पिता के साथ मुंबई में रह रही थी। मार्च में एक दिन आरोपी ने उसे जबरदस्ती अपने घर ले जाकर उसके साथ



शारीरिक संबंध बनाए, जिसके कारण वह गर्भवती हो गई।

इसके बाद जब लड़की को अपनी गर्भावस्था का पता चला, तो उसने अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया। मां ने जब आरोपी से इस बारे में बात की, तो उसके परिवार वालों ने उन्हें चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद, मां अपनी बेटी को बरहामपुर ले गई ताकि गर्भपात कराया जा सके, लेकिन उन्होंने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी।

**लड़की के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज**

बरहामपुर पुलिस ने लड़की के बयान के आधार पर जीरो एफआईआर दर्ज की और इसे मुंबई के पार्कसाइट पुलिस स्टेशन को भेजा। इसके बाद पार्कसाइट पुलिस ने औपचारिक एफआईआर दर्ज की और प्रारंभिक सबूतों के आधार पर आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

लड़की को बरहामपुर के चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया गया, जहां उसकी पुनर्वास और आर्थिक सहायता की व्यवस्था की गई। कमेटी ने उसका मेडिकल चेकअप और इलाज भी सुनिश्चित किया।

## नवी मुंबई : ऑनलाइन धोखाधड़ी; जयपुर से दो लोग गिरफ्तार




**नवी मुंबई** : वाशी पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने के आरोप में राजस्थान के जयपुर से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। राहुल सीताराम चौधरी (22) और मनोज धर्मवीर समोता (22) नामक आरोपियों को 6 अगस्त को वाशी के एक व्यवसायी से इसी साल मार्च में 16.2 लाख रुपये की ठगी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने गरीब और जरूरतमंद युवकों से 10,000-12,000 रुपये में बैंक खाते, उनके सिम कार्ड और डेबिट कार्ड खरीदे और उन्हें साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों को सौंप दिया। फिर इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार लोगों से पैसे लेने के लिए किया गया।

जांच तब शुरू हुई जब धोखेबाजों ने अपस्टॉक्स ग्राहक सेवा के प्रतिनिधि बनकर व्यवसायी को शेयर बाजार में अच्छे रिटर्न का झांसा दिया। उन्होंने उसे एक वीआईपी ट्रेडिंग खाता खोलने के लिए राजी किया और बाद में उसके द्वारा जमा की गई धनराशि को फर्जी खातों में स्थानांतरित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय धूमल के मार्गदर्शन में, एपीआई योगेश भोसले के नेतृत्व में एक टीम ने धोखाधड़ी वाले बैंक खातों का पता लगाया, बिचौलियों की पहचान की और जयपुर में जाल बिछाया। दोनों को 6 अगस्त की रात 10 बजे हिरासत में लिया गया और विश्वकर्मा पुलिस स्टेशन में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। वाशी पुलिस ने उन्हें आगे की जाँच के लिए नवी मुंबई लाने के लिए, तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड हासिल की।

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### ट्रंप का विचित्र रवैया...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ और अपने मित्र देशों के नेताओं तथा अर्थशास्त्रियों के तर्कों को दरकिनार कर पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल खरीदने को तूल देकर और इतने ही प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अब उन्होंने भारत के साथ होने वाली व्यापार वार्ता से किनारा करने की भी बात कह दी। इस वार्ता के लिए एक अमेरिकी दल इसी माह के अंत में दिल्ली आने वाला था। ट्रंप की चिढ़ का मूल कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तथाकथित संघर्ष विराम कराने के उनके दावे पर भारत का सहमत न होना है। वे अपने इस फर्जी दावे को कई बार दोहरा चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर इसलिए थमा, क्योंकि उन्होंने दखल दिया था और दोनों देशों को एक बड़े युद्ध से बचाया था। भारत उनके दावे को सही नहीं मान रहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में साफ कर दिया कि आपरेशन सिंदूर रोकने के बारे में विश्व के किसी भी नेता ने कुछ नहीं कहा। इसके बाद ट्रंप और अधिक बौखला गए और अब वे भारत के खिलाफ न केवल टैरिफ बढ़ाते जा रहे हैं, बल्कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए दोनों देशों के संबंधों को नष्ट करने का भी काम कर रहे हैं। उनके दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन गए थे तो दोनों नेताओं ने यह तय किया था कि एक अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र कर लिया जाएगा, लेकिन अब भारत से चिढ़े हुए ट्रंप पाकिस्तान की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने भारत को चिढ़ाने के मकसद से ही पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर को अमेरिका बुलाकर भोज कराया और उनकी तारीफ भी की। इसके बदले में मुनीर ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की जरूरत जताई। पता नहीं उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा या नहीं, लेकिन यह साफ है कि वे यह पुरस्कार पाने के लिए कुछ ज्यादा ही बेचैन हैं। इसका एक प्रमाण यह है कि वे विभिन्न देशों के छोटे-बड़े टकराव को रोकने के लिए मध्यस्थता करते रहते हैं। वे अपने को शांति का मसीहा साबित करने पर तुले हैं, लेकिन सब जानते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में नाकाम हैं। ट्रंप अपनी खीझ निकालने के लिए यह कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मदद कर रहा है। ट्रंप भारत को टैरिफ किंग बताकर अपनी शर्तों के हिसाब से व्यापार समझौता करना चाहते हैं और दबाव बनाने के लिए रूस से तेल खरीद को तूल देने में लगे हुए हैं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि रूस भारत को तेल बेचे बगैर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रख सकता है, क्योंकि वह चीन के साथ अन्य देशों को भी तेल बेच रहा है और यह किसी से छिपा नहीं कि ट्रंप का चीन पर कोई जोर नहीं चल पा रहा है। सच तो यह है कि जो ट्रंप भारत पर रूस से तेल खरीदने का आरोप लगा रहे हैं, वे यह नहीं देखना चाहते कि खुद अमेरिका उससे यूरेनियम और उर्वरक खरीद रहा है।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# विधायक आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक ही मंच के समर्थक आपस में भिड़े



**मुंबई :** वर्ली इलाके में आज नारली पूर्णिमा का त्योहार मनाया गया. लेकिन इस बार का उत्सव सियासी गरमाहट के बीच चर्चा में आ गया. शिवसेना (उद्धव गुट) के विधायक आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक ही मंच के आस-पास पहुंच गए और दोनों के समर्थक आपस में भिड़ पड़े. स्थिति कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गई, जिससे माहौल बिगड़ गया. वर्ली आदित्य ठाकरे का विधानसभा क्षेत्र है और हर साल वे यहां नारली पूर्णिमा उत्सव में शामिल होते हैं. लेकिन इस बार शिंदे उनसे पहले वर्ली कोलीवाड़ा पहुंच गए. इसे कई लोग सियासी 'मैसेज' के तौर पर देख रहे हैं.

**पहले पहुंचे शिंदे, फिर आए आदित्य**

सुबह एकनाथ शिंदे कोलीवाड़ा के नागरिकों के आमंत्रण पर उत्सव में पहुंचे और स्थानीय मछुआरा समाज से मुलाकात की. उनके थोड़ी देर बाद आदित्य ठाकरे भी कोलीवाड़ा पहुंचे. इसी दौरान दोनों नेता आमने-सामने हो गए. चंद मिनटों के लिए माहौल में खामोशी और सियासी ठंडापन नजर आया. लेकिन भीड़ में मौजूद कार्यकताओं के नारेबाजी शुरू करते ही तनाव बढ़ गया.

**तंज और नारेबाजी से भड़का माहौल**

सूत्रों के मुताबिक आदित्य ठाकरे ने शिंदे के सामने से गुजरते हुए कोई टिप्पणी की. इसके बाद दोनों गुटों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. नारेबाजी के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी हुई. हालांकि नेताओं ने सीधे तौर पर कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन माहौल में सियासी खटास साफ झलक रही थी.

**शिंदे का बयान -'प्यारे कोली भाइयों-बहनों के बुलावे पर आया'**

घटना के बाद मीडिया से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, ''मुझे वर्ली कोलीवाड़ा आकर बहुत खुशी हुई. मैं अपनी प्यारी कोली बहनों और प्यारे कोली भाइयों से मिला.'' जब उनसे पूछा गया कि क्या वे आदित्य ठाकरे के निर्वाचन क्षेत्र में जानबूझकर आए थे तो उन्होंने कहा, ''मैं इसलिए आया क्योंकि मेरी बहनों ने मुझे आमंत्रित किया था. मुझे एक उत्सव के लिए बुलाया गया था.'' इस दौरान उन्होंने राजनीतिक सवालों से बचते हुए माहौल को हल्का करने की कोशिश की.

वर्ली सीट शिवसेना (उद्धव गुट) का गढ़ मानी जाती है. नारली पूर्णिमा जैसे स्थानीय त्योहार कोली समाज के लिए सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखते हैं और यहां नेताओं की मौजूदगी सीधे तौर पर मतदाताओं से जुड़ाव का संदेश देती है. ऐसे में शिंदे की अचानक मौजूदगी और फिर आदित्य के साथ आमना-सामना इसे सिर्फ संयोग मानना मुश्किल है. राजनीतिक हलकों में इसे आगामी चुनावों से पहले शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है.

# 124 करोड़ रुपये के शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में तमिलनाडु से आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** 124 करोड़ रुपये के शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में एक बड़ी घटना घटी है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने छह-सात महीने की लंबी तलाशी के बाद तमिलनाडु से मालती रवि उदययार (46) को गिरफ्तार किया है। उन्हें एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें 13 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। यह मामला ट्रांसपोर्ट व्यवसायी जयपाल गजराज कौंडर (43) द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से जुड़ा है। इस मामले के मुख्य आरोपी आशीष शाह ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और कई अन्य निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। शाह ने खुद को समरेज ट्रेडर्स एलएलपी का मालिक बताया था और शेयर बाजार में निवेश पर 84% सालाना का शानदार रिटर्न देने का वादा किया था।

# गढ़चिरौली में सड़क हादसे में चार नाबालिगों की मौत; दो घायल



**गढ़चिरौली :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सड़क हादसे में चार नाबालिगों की मौत और दो घायल हो गए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता और घायलों का मुफ्त इलाज कराने की घोषणा की। वहीं, परभणी में एक अन्य हादसे में दो महिलाएं तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर मारी गईं। दोनों मामलों में पुलिस जांच जारी है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार नाबालिग बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब बच्चे सड़क पार कर रहे थे और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। फिलहाल हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक, हादसा दोपहर को कुरखेड़ इलाके में हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चार को बचाया नहीं जा सका। घायल बच्चों का इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। हम शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हादसे में घायल दो नाबालिगों का इलाज गड़चिरौली के सामान्य अस्पताल में चल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

# मुंबई : 11 आरोपियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का मामला दर्ज...




**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की मुंबई इकाई ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की एक इकाई, क्षेत्रीय प्लांट क्वारंटाइन स्टेशन (आरपीक्यूएस) के एक संयुक्त निदेशक और उप निदेशक सहित 11 आरोपियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है, जहां उन्होंने आधिकारिक काम करने के लिए रिश्वत एकत्र की थी। आरपीक्यूएस एक ऐसी सुविधा है जो पौधों की बीमारियों और कीटों के प्रसार को रोकने के लिए पौधों और पौधों की सामग्री के आयात और निर्यात को नियंत्रित करती है और कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत प्लांट प्रोटेक्शन, क्वारंटाइन और स्टोरेज निदेशालय (पीपीक्यूएस) का हिस्सा है। सीबीआई के अनुसार, आरोपी लोक सेवकों ने कथित तौर पर नियमित आधिकारिक काम के लिए सीमा शुल्क समाशोधन एजेंटों से रिश्वत की मांग की और स्वीकार की।

सीबीआई ने 17 जुलाई को 10 लोक सेवकों और एक निजी सीमा शुल्क समाशोधन एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, एक आरोपी ने अपने नियमित आधिकारिक काम को पूरा करने के लिए अन्य एजेंटों से रिश्वत लेने के लिए एजेंट को प्रति माह 25,000 रुपये का भुगतान किया। ये रिश्वतें निरीक्षण और निकासी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए एकत्र की जाती थीं, विशेष रूप से समय-संवेदनशील नाशवान वस्तुओं और चयनात्मक निरीक्षण प्रथाओं के लिए, जिसमें संदिग्ध चुनिंदा खेपों का निरीक्षण करते थे, जबकि अन्य को मौद्रिक लाभ के बदले में उचित जांच के बिना ही गुजरने देते थे।

# मुंबई : पब्लिक सिक्योरिटी बिल; शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को इससे डरने की जरूरत नहीं है - फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र में हाल ही में पास हुए स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल 2024 को लेकर जबरदस्त राजनीति गरमा गई है. विपक्ष और सिविल सोसाइटी के आरोप हैं कि यह कानून सरकार की आलोचना करने वालों को दबाने का हथियार बन सकता है. वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ किया है कि यह बिल केवल ''अर्बन नक्सलिज्म'' और ''पैसिव मिलिटेंसी'' को रोकने के लिए है, न कि सरकार की नीतियों का विरोध करने वालों को निशाना बनाने के लिए. फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''अगर आप अर्बन नक्सल की तरह काम करेंगे तो गिरफ्तार होंगे. लेकिन यह कानून शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों या सरकार की आलोचना करने वालों पर नहीं लगेगा.''

**क्या है महाराष्ट्र का पब्लिक सिक्योरिटी बिल?**

महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र में पास हुआ यह बिल वामपंथी उग्रवादी संगठनों की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए बनाया गया है. खासकर उन अर्बन नक्सल को निशाना बनाया जाएगा जो शहरों में रहकर ''पैसिव मिलिटेंसी'' को बढ़ावा देते हैं. इस कानून में सख्त प्रावधान रखे गए हैं. दोषी पाए जाने पर सात साल तक की जेल और भारी जुमार्ने का प्रावधान है. इन्हीं कड़े प्रावधानों को लेकर विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ बताया है.

**विपक्ष और सिविल सोसाइटी क्यों कर रही विरोध?**

कांग्रेस और NCP जैसे दलों ने आरोप लगाया है कि सरकार इस बिल का इस्तेमाल विरोधी आवाजों को दबाने के लिए कर सकती है. सिविल सोसाइटी समूहों का कहना है कि ''राष्ट्रीय सुरक्षा'' के नाम पर लोगों के मौलिक अधिकारों को सीमित करने की कोशिश हो रही है. वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री फडणवीस को चुनौती दी है कि वे उनके कार्यकताओं को इस कानून के तहत गिरफ्तार करके दिखाएं.

**फडणवीस का जवाब: ''आलोचना पर नहीं, अर्बन नक्सल पर कार्रवाई''**

इन आरोपों पर जवाब देते हुए फडणवीस ने साफ कहा कि यह बिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नहीं है. उन्होंने कहा, ''यह कानून सिर्फ उन पर लागू होगा जो नक्सल एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं. शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को इससे डरने की जरूरत नहीं है.''

**हिंदी- मराठी विवाद पर भी बोले फडणवीस**

राज ठाकरे के आरोप पर कि सरकार बच्चों को जबरदस्ती हिंदी सिखाना चाहती है, फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में मराठी अनिवार्य है. लेकिन उसके साथ एक भारतीय भाषा सीखना भी जरूरी है. उन्होंने कहा, ''मैं अंग्रेजी को लाल कालीन बिछाकर आमंत्रित करने के बजाय भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के पक्ष में हूं.''

## मुंबई : दोपहिया वाहन को मार दी टक्कर; 40 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार की मौत

**मुंबई :** चेंबूर में 40 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई, जब एक अन्य बाइक ने कथित तौर पर उसके दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाते समय पीड़ित ने दम तोड़ दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दूसरी बाइक के सवार के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। यह दुर्घटना शाम करीब 5 बजे चेंबूर के अमर महल जंक्शन के पास हुई। सायन निवासी मोहम्मद हनीफ आमिर शेख ठाणे जा रहे थे, तभी उनकी बाइक को पीछे से एक अन्य मोटरसाइकिल सवार, नवी मुंबई के सुरक्षा गार्ड, 41 वर्षीय सोहेल रफीक खान ने टक्कर मार दी, जो ठाणे की ओर ही जा रहे थे।

## मुंबई : गलत साइड से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी; 53 वर्षीय महिला की मौत

**मुंबई :** गोरेगांव निवासी 53 वर्षीय महिला की उस समय मौत हो गई जब वह जिस बाइक पर पीछे बैठी थीं, उसे कथित तौर पर सड़क के गलत साइड से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनकी एक परिचित, जो तेज गति से बाइक चला रही थी, बाईं ओर से एक बस को ओवरटेक कर रही थी, तभी उनकी टक्कर दूसरी बाइक से हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार सुबह 8:30 बजे हुई जब फिल्म उद्योग की एक जूनियर आर्टिस्ट अंबुबाई सोनवणे गोरेगांव के चित्रनगरी में अपनी शूटिंग पूरी करके शांति निकेतन स्थित अपने घर लौट रही थीं, जहाँ वह अपनी बेटी और दामाद के साथ रहती थीं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके एक परिचित, 29 वर्षीय शुभम घटवाल, उन्हें शूटिंग सेट से घर छोड़ने आए थे।

## गढ़चिरौली में बाइक शोरूम की 50 साल पुरानी इमारत भरभराकर गिरी, तीन की मौत

**गढ़चिरौली :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक पुरानी इमारत का हिस्सा अचानक गिर गया. यह हादसा एक बाइक शोरूम में हुआ. मलबे में दबकर तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई. तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इमारत करीब 50 साल पुरानी बताई जा रही है. लोकल प्रशासन और रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया. घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत पैदा कर दी है. प्रशासन ने पूरे इलाके की पुरानी इमारतों की जांच के आदेश दिए हैं.

## पुणे : फर्जी शेयर बाजार निवेश योजना के जरिए 37 से ज्यादा लोगों से ₹5 करोड़ से ज्यादा की ठगी; दो लोग गिरफ्तार

**पुणे :** साइबर पुलिस ने एक फर्जी शेयर बाजार निवेश योजना के जरिए 37 से ज्यादा लोगों से ₹5 करोड़ से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ितों को व्हाट्सएप ग्रुप और वीट्रेड नामक एक ऐप के जरिए 10 से 50 प्रतिशत तक रिटर्न का वादा करके फंसाया गया था। दो महीने की तलाश के बाद आरोपियों को मुंबई और ओडिशा से पकड़ा गया। पुलिस ने ₹6 लाख नकद जब्त किए हैं। आरोपियों की पहचान गणेश लोखंडे, रंजन कुमार निरंजन साहू (दोनों गिरफ्तार) और रमेश परमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह घोटाला तब शुरू हुआ जब पीड़ित ने एक ऑनलाइन शेयर बाजार विज्ञापन पर क्लिक किया और उसे आईपीओ, स्टॉक और ब्लॉक ट्रेडिंग से जुड़े संदेशों वाले एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया।

## मुंबई : घोड़बंदर घाट खंड पर तीन दिनों के लिए भारी वाहनों पर प्रतिबंध



**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक जरूरी काम था। ठाणे में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (NH-48) के गड्ढों से भरे हिस्से को पार करते हुए, शिंदे का काफिला घोड़बंदर घाट खंड पर रुका, जहाँ आनन-फानन में की जा रही मरम्मत उनकी छवि बचाने और आगे और जानमाल के नुकसान को रोकने की कोशिश है। मीरा रोड और पालघर के बीच का 120 किलोमीटर का यह भयानक रूप से क्षतिग्रस्त हिस्सा मौत के जाल में तब्दील हो गया है, हालाँकि इसे हाल ही में कंक्रीट से पक्का किया गया है। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, आपातकालीन मरम्मत के लिए तीन दिनों के लिए भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## मुंबई : सड़क दुर्घटना के एक दिन बाद 53 वर्षीय महिला की मौत!




**मुंबई :** गोरेगांव पूर्व में एक सड़क दुर्घटना के एक दिन बाद 53 वर्षीय महिला अंबुबाई सोनवणे की मौत हो गई। वह अपने 29 वर्षीय परिचित शुभम घटवाल की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थीं, जब 5 अगस्त को गोरेगांव चेक नाका पर बेस्ट बस को ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। 6 अगस्त को इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। फिल्म उद्योग में जूनियर आर्टिस्ट सोनवणे अपने परिवार के साथ गोरेगांव पूर्व स्थित शांति निकेतन में रहती थीं। 4 अगस्त को वह एक फिल्म की शूटिंग के लिए दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी गई थीं। अगली सुबह, लगभग 8:30 बजे, घर लौटते समय उनकी मुलाकात घटवाल से हुई, जिन्होंने उन्हें लिफ्ट देने की पेशकश की। जैसे ही वे गोरेगांव चेक पोस्ट की ओर बढ़े, घटवाल ने एक बस को ओवरटेक करने की कोशिश की और सामने से आ रहे एक दोपहिया वाहन से टकरा गए। सोनवणे गिर गईं और उन्हें गंभीर चोटें आईं। उन्हें पहले अंधेरी के सेवन हिल्स अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर ले जाया गया। बाद में, उनका बेटा उन्हें जोगेश्वरी पूर्व स्थित ट्रॉमा केयर अस्पताल ले गया, जहाँ इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## मुंबई : ट्रक पलट जाने से मजदूर की मौत



**मुंबई :** रेत की बोरियों से लदे एक ट्रक के एक तीखे मोड़ पर पलट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। चालक की लापरवाही के कारण ट्रक पलट गया और मजदूर रेत की बोरियों के नीचे दब गया। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रायगढ़ के रोहा तालुका के ऐनवाहल गाँव में हुई। ट्रक चालक, जो तलेगांव दाभाड़े का निवासी था, पुगाव से ऐनवाहल विट्ठलवाड़ी जा रहा था, तभी उसने कथित तौर पर एक तीखे मोड़ को नजरअंदाज कर दिया। पुलिस ने कहा, ''उसने लापरवाही से गाड़ी चलाई, जिससे ट्रक के पहिए एक कच्ची जगह पर फिसल गए। ढीली मिट्टी धंस गई और वाहन पलट गया।''

ट्रक से रेत की कई बोरियाँ गिर गईं, जिससे मजदूर मोदी प्रेमजीत मकवाना, जिसे प्यार से जीतू कहा जाता था, फँस गया। पुलिस ने कहा कि उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य मजदूरों और चालक को भी हल्की-फुल्की चोटें आईं। कोलाड पुलिस ने चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत), 281 (तेज गति से वाहन चलाना), 125 (ए और बी) (मानव जीवन को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज किया है।

## मुंबई : धोखेबाज ने 5.91 लाख रुपये की ठगी




**मुंबई :** बोरीवली निवासी 48 वर्षीय निकता एम. को अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के रुमेटोलॉजिस्ट डॉ. मोहित गुप्ता बनकर एक धोखेबाज ने 5.91 लाख रुपये की ठगी कर ली। मोहित गुप्ता जुलाई 2025 में एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे। गुप्ता ने दावा किया कि वह इजराइल-फि लिस्तीन संघर्ष के दौरान गाजा सीमा पर तैनात थे और उन्हें वित्तीय लेन-देन करने में दिक्कत हो रही थी।

उन्होंने निकता से शादी करने के लिए भारत लौटने के लिए पैसे की जरूरत बताई। उन्होंने निकता को छुट्टी के आवेदन के लिए बेंगलुरु स्थित पंजाब और महाराष्ट्र बैंक के खाते में 2 लाख रुपये, एनबीआई प्रमाणपत्र के लिए 1.9 लाख रुपये और कथित कर निकासी के लिए 2 लाख रुपये भेजने के लिए राजी किया। यह रकम लीबरमैन नाम के एक व्यक्ति से जुड़ी थी।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : रविवार 10 अगस्त 2025



## ध्वस्त किए गए गैरेज को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण हिंसक झड़प; पाँच लोग घायल





**नवी मुंबई :** तलोजा में एक ध्वस्त किए गए गैरेज को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण शुक्रवार दोपहर हिंसक झड़प हो गई, जिसमें पाँच लोग घायल हो गए, जिनमें एक गवाह भी शामिल है जिसने बीच-बचाव करने की कोशिश की। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या के प्रयास के आरोप में कम से कम तीन नामजद संदिग्धों और 8-10 अज्ञात लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

खारघर संभाग के एसीपी विक्रम कदम के अनुसार, यह घटना 8 अगस्त को दोपहर लगभग 2:50 बजे तलोजा गाँव से मन्नान कॉलोनी जाने वाली सड़क पर फरहान हार्डवेयर के पास हुई। कथित तौर पर अब्दुल रऊफ अब्दुल रज्जाक पटेल (60) और उसके साथियों - अफनान पटेल, सफवान पटेल और नवमान मुनाफ पटेल - के नेतृत्व में हमलावरों ने सैय्यद परिवार के सदस्यों से भिड़ंत की और उन पर सिडको में शिकायत दर्ज कराने का आरोप लगाया, जिसके परिणामस्वरूप उनके मोटर मरम्मत गैरेज को तीन बार ध्वस्त किया गया। एसीपी कदम ने कहा, ''पटेल का अवैध गैरेज मस्जिद के पास था, जिसके बारे में सैय्यद परिवार ने हमेशा सिडको के अतिक्रमण विभाग से शिकायत की थी और इसे तीन बार ध्वस्त करवाया था।''

# मुंबई : विभीषण पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप...

## करोड़ों की कीमत का सोना जब्त!

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बड़ी खबर है. कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने मुंबई एयरपोर्ट के 'विभीषण' के चेहरे को बेनकाब किया है. इस विभीषण पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगा है. साथ ही, इस विभीषण के कब्जे से एआईयू करोड़ों की कीमत का सोना जब्त किया है. वहीं, एक अन्य मामले में मुंबई एयरपोर्ट के एआईयू ने मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में एक अन्य पैसेंजर को भी गिरफ्तार किया है.



मुंबई कस्टम के अनुसार, दोनों के कब्जे से करीब 3.72 करोड़ रुपये के सामान की बरामदगी की गई है. पहला सोने की हेराफेरी से जुड़ा हुआ है. जिसके आरोप में एआईयू ने एक एयरलाइन के स्टाफ को अरेस्ट किया है. एयरलाइन स्टाफ ने सोने को टर्मिनल से बाहर निकालने के लिए अपने अंडरगारमेंट्स में खास तौर पर तैयार की गई बेल्ट पहन रखी थी. इस बेल्ट के अंदर इस विभीषण ने करीब 3.02 किलो सोने का पाउडर (गोल्ड डस्ट) छिपाया हुआ था. यह सोना करीब 24 कैरेट का था और वैक्स के तौर पर 6 टुकड़ों में बरामद हुआ है.

कस्टम ने एयरलाइन स्टाफ के कब्जे से बरामद इसकी कीमत करीब 2.78 करोड़ रुपये आंकी गई है. वहीं, दूसरे बैंकॉक से मुंबई आए एक पैसेंजर को शक के आधार पर रोका गया. उसके ट्रॉली बैग की तलाशी में 947 ग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) मिला, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 94 लाख रुपये आंकी गई है. यह मादक पदार्थ वैक्यूम-सील प्लास्टिक पैकेट्स में छिपाया गया था. आरोपी पैसेंजर को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है. इससे पहले, 5-6 अगस्त की रात को कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14.548 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया था. बरामद हाइड्रोपोनिक वीड कीमत 14.5 करोड़ रुपये आंकी गई थी.

## भायखला स्टेशन पर 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स'

**मुंबई :** लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) और दादर में अपने 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' की सफलता के बाद, मध्य रेलवे का मुंबई मंडल अब भायखला स्टेशन पर अनोखे भोजन अनुभव की शुरूआत करने की तैयारी कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा, ''अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो यह नई सुविधा अगले तीन से चार महीनों में शुरू हो जाएगी।'' मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट के संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंतिम बोलीदाता का चयन 13 अगस्त को किया जाएगा, जिसके बाद परियोजना का आधारभूत कार्य शुरू होगा। अधिकारी ने कहा, ''योजना भायखला स्टेशन के पूर्व की ओर प्लेटफार्म संख्या 4 के बाहर एक पुराना रेलवे कोच लगाने की है।'' उन्होंने आगे कहा, ''निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद, मध्य रेलवे कोच लगाने के लिए थोड़ी सी पटरी बिछाएगा।

## पालघर : 12 घंटे से भी कम समय में एक जटिल हिट-एंड-रन मामले का खुलासा; आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार



**पालघर :** नायगांव पुलिस की अपराध जांच शाखा ने 12 घंटे से भी कम समय में एक जटिल हिट-एंड-रन मामले का खुलासा किया, जिसमें पीड़ित की पहचान, मौत का कारण पता लगाने और आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को आपातकालीन नंबर 112 पर एक कॉल आया जिसमें नायगांव पूर्व में जुचंद्रा के पास, म्हात्रेवाड़ी जाने वाली सड़क के बाईं ओर एक अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना दी गई। बीट मार्शल मौके पर पहुँचे और पाया कि व्यक्ति के पेट में गंभीर चोटें और छाती पर खरोंच के निशान थे। उसे सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और इलाके में पूछताछ से पता चला कि पीड़ित देवेंद्र उर्फ दीपक हरीश पुरी (35) था, जो साई सागर सोसाइटी, म्हात्रेवाड़ी, नायगांव पूर्व का निवासी था।

## ठाणे : विचाराधीन कैदियों के लापता होने के बाद नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया

**ठाणे :** सेंट्रल जेल से कलवा के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले जाए जा रहे दो विचाराधीन कैदियों के लापता होने के बाद नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। ये दोनों विचाराधीन कैदी, जिनका बाद में पता चला, उन सात लोगों में शामिल थे जिन्हें ठाणे पुलिस मुख्यालय और मोटर परिवहन विभाग से जुड़े अब निलंबित पुलिसकर्मी सुरक्षा में ले जा रहे थे। निलंबन आदेश के अनुसार, 4 अगस्त को इन अधिकारियों को सात विचाराधीन कैदियों को ठाणे सेंट्रल जेल से कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज



अस्पताल ले जाने का काम सौंपा गया था। पुलिस हेड कांस्टेबल गंगाराम घुले इस काम के प्रभारी थे। अस्पताल में अचानक जाँच के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों को हिरासत में मौजूद सात कैदियों में से केवल पाँच ही मिले। पाँच विचाराधीन कैदियों में से एक बाहर बिना किसी बंधन के बैठा था, जबकि सुरक्षाकर्मी अपने फोन पर बात कर रहे थे।

लापता दो कैदियों - करण धबालिया और राजेशभाई पंबार - के बारे में पूछे जाने पर घुले ने कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया, बाद में दावा किया कि वे शौचालय में थे। तलाशी में उनका कोई सुराग नहीं मिला, जिससे संदेह पैदा हुआ कि उन्होंने भागने के लिए अपने पुलिस एस्कॉर्ट के साथ मिलीभगत की होगी। दोनों कैदियों को लगभग एक घंटे बाद अस्पताल परिसर में पाया गया, लेकिन अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि एस्कॉर्ट टीम ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह किया था।

## ठाणे के नौ पुलिसकर्मी निलंबित; कैदियों की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही...




**ठाणे :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सात विचाराधीन कैदियों को मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय कथित लापरवाही और कर्तव्यहीनता के आरोप में ठाणे के नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जब सात विचाराधीन कैदियों को कलवा नागरिक अस्पताल ले जाया गया, तो जांच में कई अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय-2) पवन बनसोडे ने निलंबन आदेश जारी किया। अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा कैदियों की उचित निगरानी नहीं करने का हवाला देते हुए, जिससे कदाचार का संदेह पैदा हुआ।

उन्होंने कहा, 'अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि सात में से केवल पांच कैदी ही मौजूद थे। एक कैदी को हथकड़ी भी नहीं लगाई गई थी, और एक टीम सदस्य अपनी ड्यूटी पर जाने के बजाय मोबाइल फोन पर बात करते हुए पाया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने कथित तौर पर करण दभालिया और राजेश पम्बर नाम के दो लापता कैदियों के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह किया।'

अधिकारी ने बताया, 'टीम ने पहले दावा किया कि दोनों एक्स-रे कराने गए थे। हालाँकि, एक्स-रे सेक्शन और आसपास के इलाकों की जांच करने पर उनका कोई सुराग नहीं मिला। फिर टीम ने बताया कि कैदी शौचालय गए थे, लेकिन वे वहाँ भी नहीं मिले। बाद में, दोपहर 3:50 बजे, दोनों का पता लगा लिया गया।' आदेश में नौ लोगों की पहचान गंगाराम घुले, गिरीश पाटिल, विलास मोहिते, किशोर शिर्के, अशोक मुंडे, संदीप खरात, सुनील निकालजे, भरत जयभय और विक्रम जम्बुरे के रूप में की गई है।

## गायमुख घाट पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण मुंब्रा-खरेगांव और ठाणे-घोड़बंदर रोड पर भारी यातायात...

**ठाणे :** गायमुख घाट पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण शुक्रवार को मुंब्रा-खरेगांव और ठाणे-घोड़बंदर रोड पर भारी यातायात जाम देखा गया। वाहन चालकों को इस मार्ग पर आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, कई लोगों को 10-20 मिनट में तय होने वाली दूरी तय करने में एक घंटे से अधिक की देरी हुई। मुंब्रा-



खरेगांव रोड पर जाम की सूचना मिलने से यातायात की समस्या और बढ़ गई।

यात्रियों ने काजूपाड़ा से नीरा केंद्र तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान यातायात में आई 300 से 400 मीटर लंबी सड़क के टुकड़ों का हवाला देते हुए निराशा व्यक्त की। खरेगांव टोल प्लाजा से कौसा तक वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई, महापे और डोंबिवली से ठाणे और घोड़बंदर रोड की ओर जाने वाले भारी वाहनों को काफी देरी हुई। आशंका है कि जाम और भी बढ़ सकता है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com
www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani